SAMVAD EXPRESS
.COM

आई.टी.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में माँ भगवती की चौकी का भव्य आयोजन

Posted on 2 Days Ago By Samvad Express

ग्रेटर नोएडा। आई.टी.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में परम्परानुसार माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। आई.टी.एस. द-एजूकेशन ग्रुप के प्रत्येक परिसर में 'माता की चौकी' के आयोजन की परम्परा 1995 से चली आ रही है व इसका निर्वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज में 2005 से किया जा रहा है। आई.टी.एस. की परम्परा है कि प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के आरंभ में माता का आशीर्वाद लेने के लिए माता की चौकी का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर माँ दुर्गा के भव्य पंडाल में माँ वैष्णों के साथ श्री गणेश जी, शिवजी, श्री राधाकृष्ण, भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की अदभुत एवं मनमोहक मूर्तियों की स्थापना की गई। चौकी का शुभारंभ आई.टी.एस. "द-एजूकेशन ग्रप" के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाइस चेयरमैन, आई.टी.एस. द-एज्केशन ग्रप, सोहेल चड्ढा व अर्पित चड्ढा, सेकेट्री बी.के. अरोरा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सुरेन्द्र सूद, निदेशक, डॉ. मयंक गर्ग, संस्थान के डीन अकादमिक, डीन स्टूडेन्ट वैलफेयर डॉ. संजय यादव एवं विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा माता के पूजन एवं आराधना से हुआ।

इस अवसर पर पूरा आई.टी.एस. ग्रेटर नोएडा परिसर भजन एवं जय माता दी के नारो से गूंज उठा। इस के साथ ही सभी भक्तों ने एक सुर में माता के प्रचलित भजन चलो बुलावा आया है, पौड़ी-पौड़ी चढ़ता जा को गाया एवं माँ की भक्ति में सराबोर हो गये। माता की चौकी में सभी आई.टी.एस. के विद्यार्थियों, नवागन्तुक विद्यार्थियों के माता-पिता एवं ग्रेटर नोएडा के गणमान्य व्यक्ति सपरिवार आमंत्रित किए गए। इस अवसर पर आई.टी.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने माता वैष्णो देवी से उज्ज्वल भविष्य के लिए पूजार्चना कर आशिर्वाद लिया। विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावकगण ने भी माँ के चरणों में नमन करते हुए अपने एवं अपने संतान की सबुद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। कार्यक्रम के अन्त में आई.टी.एस. परिवार के सभी सदस्यों ने अपने आगुंतक एवं अतिथियों के साथ माँ की आरती में हिस्सा लिया एवं आशीर्वाद स्वरूप माता का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन संस्था के सभी शिक्षकों, विद्यार्थी, स्टाफ एवं आगुन्तकों के प्रसाद गृहण के साथ हुआ।